विक्रम विश्वविद्यालय,उज्जैन

क्रमांक/अकादमिक/सम्बद्धता/2024/ 11 दिनांक :-08/7/2024

-:: सूचना ::-

विक्रम विश्वविद्यालय,उज्जैन परिक्षेत्रान्तर्गत संचालित समस्त शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों को सूचित किया जाता है कि, आयुक्त,उच्च शिक्षा संचालनालय,सतपुड़ा भवन,भोपाल के पत्र क्रमांक/505/01/आउशि/शा./2024,दिनांक 27.07.2024 में आपके महाविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रमों के स्नातक चतुर्थ वर्ष ऑनर्स एवं चतुर्थ वर्ष ऑनर्स विथ रिसर्च के संकाय विषय एवं अनुसंधान केन्द्र प्रारंभ करने हेतु आपके द्वारा छात्रों के प्रवेश हेतु ऑनलाईन ई-प्रवेश प्रोफाईल अपडेट की गई है, जिसका सत्यापन विश्वविद्यालय द्वारा किए जाने पर ही प्रवेश हो सकेंगे। इस हेतु विद्यापरिषद् की स्थाई समिति की बैठक दिनांक 04.07.2024 में लिये गये निर्णयानुसार विश्वविद्यालय द्वारा जारी निर्धारित सम्बद्धता शुल्क की अधिसूचना क्रमांक/अकादमिक/सम्बद्धता/2023/ 46,दिनांक 16.10.2023 के अनुसार (बिना विलम्ब शुल्क के साथ) कार्यवाही किये जाने की अनुशंसा की गई है।

अतः निर्देशित किया जाता है कि, आपके महाविद्यालय द्वारा स्नातक चतुर्थ वर्ष में आवेदित पाठ्यक्रमों का नियमानुसार समबद्धता शुल्क (बिना विलम्ब शुल्क के साथ) विश्वविद्यालय कोष में जमा करवा कर रसीद उपलब्ध करावे, उसके उपरांत ही ऑनलाईन ई-प्रवेश प्रोफाईल का सत्यापन किया जावेगा।

आदेशानुसार

उपकुलसचिव(अकादमिक)

क्रमांक/अकादमिक/सम्बद्धता/2024/ 12 दिनांक :-08/7/2024

प्रतिलिपि :-

01. प्राचार्य,समस्त शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालय, विक्रम विश्वविद्यालय,परिक्षेत्र।
02. समस्त अग्रणी महाविद्यालयों की ओर प्रेषित कर सूचित है कि,वे अपने क्षेत्र के महाविद्यालय को उक्त सूचना से अनिवार्य रूप से अवगत करावे।
03. अतिरिक्त संचालक,उच्च शिक्षा, उज्जैन संभाग,उज्जैन,शा.माधव विज्ञान महाविद्यालय,उज्जैन
04. निदेशक, महाविद्यालयीन विकास परिषद्, विक्रम विश्वविद्यालय,उज्जैन
05. परीक्षा नियंत्रक, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन।
06. उप/सहायक कुलसचिव,परीक्षा/गोपनीय/लेखा विभाग, विक्रम विश्वविद्यालय,उज्जैन
07. प्रभारी ऑनलाईन सेल, विक्रम विश्वविद्यालय,उज्जैन।
08. प्रभारी वेबसाईट की ओर भेज कर निवेदन है कि,उपरोक्त सूचना को तत्काल विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करने का कष्ट करे।
09. माननीय कुलगुरुजी/कुलसचिवजी के निज सहायक, विक्रम विश्वविद्यालय,उज्जैन की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु सूचनार्थ प्रेषित।

सहायक कुलसचिव(अकादमिक)

275E/New Fold./Desktop/Z-1

Scanned with CamScanner